College student Selected for Republic Day Parade

गणतंत्र दिवस परेड के लिए शहर से चार एनएसएस स्वयंसेवियों का चयन

कानपुर। गणतंत्र दिवस पर नई दिल्ली में होने वाली परेड के लिए शहर से चार राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) स्वयंसेवियों का चयन किया गया है। ये चारों परेड में शामिल होंगे। बुधवार को इसके लिए छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) के मैदान पर ट्रायल हुआ। इसमें शहर के अलग-अलग कॉलेजों से करीब 100 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। चयनित स्वयंसेवियों में बीएनडी कॉलेज की छात्रा निशा कुशवाहा, जे कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स के यश सक्सेना, पीएसआईटी के आदित्य उपाध्याय और पीपीएन कॉलेज की छात्रा तरंजिका तिवारी के नाम शामिल हैं। अब इनकी ट्रेनिंग तीन से 12 अक्तूबर तक रांची के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फाउंड्री एंड फोर्ज टेक्नोलॉजी में होगी। इस ट्रेनिंग में यूपी के अलावा उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार और झारखंड के 200 स्वयंसेवी शामिल होंगे। बीएनडी कॉलेज के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सत्य नारायण मिश्रा ने बताया कि चयनित छात्रों को ट्रेनिंग के दौरान रहने-खाने, आने-जाने की व्यवस्था राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से की जाएगी।

यश सक्सेना

आदित्य उपाध्याय

निशा कुशवाहा

तरंजिका तिवारी

Yash Saxena B.com II-year student of the college made proud on being selected for Republic Day Parade at New Delhi.